भीषण गर्मी | दोपहर बाद बादलों ने डाला डेरा

# नौतपा के पहले दिन भीषण गर्मी ने झुलसाया





**जबलपुर, नवभारत।** 25 मई से शुरू हुआ नौतपा के पहले दिन सोमवार को शहर में मौसम के मिजाज बेहद तल्ख रहे और सूर्यदेव के तीखे तेवरों के कारण लोग दिनभर हलाकान होते रहे। दिनभर गर्म हवाएं चलती रही वही दोपहर के बाद बादलों ने डेरा जमा लिया मौसम विज्ञान कार्यालय जबलपुर द्वारा सोमवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, जबलपुर वर्तमान में भीषण गर्मी की चपेट में आ चुका है, जिसके कारण आने वाले दिनों के लिए गंभीर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार को शहर का अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। इसी तरह न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज होने से रात के समय भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल सकी। मौसम विज्ञान कार्यालय से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि सोमवार को अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य के मुकाबले 2 डिग्री ज्यादा था। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान भी 30.1 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, इसमें भी 2 डिग्री की बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

### चलेगी लू, बचाव जरूरी

मौसम कार्यालय ने जबलपुर जिले में तीव्र ऊष्ण लहर यानी गंभीर लू चलने का पूर्वानुमान जारी किया है। हवा में नमी की बात करें तो अधिकतम आर्द्रता 039 प्रतिशत और न्यूनतम आर्द्रता 019 प्रतिशत रही इस सूखे और गर्म मौसम के बीच सोमवार को वर्षा का आंकड़ा 000 .0 मिमी रहा, जबकि इस सीजन में अब तक कुल 033 .7 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है।

### दोपहर बाद बादलों का डेरा

सोमवार को नौतपे के पहले दिन जहां सुबह से भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल किया वही दोपहर होते होते बादलों ने डेरा जमा लिया था। बादलों की लुकाछिपी के बाबजूद गर्म हवाएं चलती रही और आमजन इससे बचने के उपाय ढूंढ़ते रहे। बता दे कि इस बार नौतपा की शुरुआत बहुत ज्यादा गर्म रही है। गत वर्ष आज ही के दिन यानी 25 मई को अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 34 .5 और 25 .2 डिग्री सेल्सियस था, जो इस वर्ष के मुकाबले काफी कम था। पिछले वर्ष इस तिथि को 005 .0 मिमी वर्षा हुई थी और सीजन की कुल वर्षा 018 .8 मिमी थी। इस बार बारिश न होने और गर्म पश्चिमी हवाओं के 5-6 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के कारण मैदानी इलाकों में तपन काफी बढ़ गई है।

### इनका कहना है



नौतपे के पहले दिन ही गर्मी ने तेवर दिखा दिए। सुबह से तेज धूप और लू के चलते हाल बेहाल है ।

**सुमित शाक्य**



दोपहर बाद बादलों की मौजूदगी के बावजूद गर्मी का असर कम नहीं हुआ।

**सुनील**

## महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पर लगाई रोक पर हाईकोर्ट का स्थगन

**जबलपुर।** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा रेवनाथ चौरे शिक्षण महाविद्यालय रिधौरा सौंसर पर ई-प्रवेश प्रक्रिया पर लगाई गयी रोक के आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक जैन एवं जस्टिस अजय कुमार निरंकारी की खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित में आदेश पर स्थगन जारी किये है।

रेवनाथ चौरे शिक्षण महाविद्यालय की तरफ से दायर याचिका में कहा गया था कि राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा 25 सितम्बर 2025 को जारी आदेश के तहत महाविद्यालय की ई-प्रवेश प्रक्रिया रोक दी थी, जिसके द्वारा उसके पाठ्यक्रम में प्रवेश होते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा यह कारण बताया गया था कि याचिकाकर्ता महाविद्यालय के नाम एवं पते में, जैसा कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा अंकित किया गया है तथा स्थल के भौतिक सत्यापन में जो पाया गया, उसमें अंतर है।

याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि उनका महाविद्यालय पिछले 23 वर्षों से पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। उसे प्रारंभ में डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर से तथा बाद में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा से संबद्धता प्रदान की गई थी। महाविद्यालय का अभी तक एक दर्जन से अधिक बार निरीक्षण हो चुके हैं। टंकण त्रुटि को छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय ने गलत रूप से घातक मान लिया। महाविद्यालय के ई-प्रवेश को उच्च शिक्षा विभाग से स्वीकृति प्राप्त थी तथा ऐसी कोई परिस्थिति नहीं थी जिसके आधार पर शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व इस अवधि में म-प्रवेश प्रक्रिया पर रोक लगाने जैसा आदेश पारित किया जा सके।

युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश के क्रियावन्यन पर रोक लगते हुए नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नरिन्दर पाल सिंह रूपराह के साथ आदित्य कृष्ण अधिवक्ता उपस्थित हुए।

## ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत बचाई गई यात्री की जान



**जबलपुर, नवभारत।** सोमवार को ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत जबलपुर आरपीएफ के जवानों ने चलती ट्रेन में चढ़ते समय गिरे एक यात्री को प्लेटफॉर्म पर खीच कर बचाया। दरअसल, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी ने बताया कि सोमवार को जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं. 05 पर पाँच बजे गाड़ी सं. 22189 जबलपुर-रीवा इंटरसिटी एक्सप्रेस रवाना होते समय चलती गाड़ी में चढ़ने की कोशिश मे एक यात्री का पैर फिसलने पर यात्री प्लेटफार्म और रेलगाड़ी के बीच में आ जाने के दौरान ड्यूटी पर तैनात धीरज कुमार एवं भाग सिंह द्वारा अद्भुत साहस का परिचय देकर अपनी जान की परवाह किए बिना तुरंत यात्री को पकड़कर कोच और प्लेटफार्म के बीच से बाहर प्लेटफार्म पर खींच कर निकाला गया। उक्त घटना में यात्री को कोई चोट आदि नहीं लगी हैं। बता दे कि यात्री का नाम गुनागार तिवारी पिता स्वर्गीय शिव प्रसाद उम्र 56 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 16 खितोला बाजार सिहोरा जबलपुर के रूप में हुई है।

## कोल्डड्रिंक में नींद की गोलियां देकर किया बेहोश, गिरफ्तार

**जबलपुर, नवभारत।** रीवांचल एक्सप्रेस के जनरल कोच में सफर कर रहे एक यात्री पीयूष कुमार तिवारी को कोल्ड ड्रिंक की बोतल में नींद की दो गोलियां मिलाकर बेहोश करने और उनसे लूटपाट करने वाले शातिर आरोपी शत्रुघ्न साहनी उर्फ जितेंद्र उर्फ सियार पांडे को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिला अंतर्गत कछवा थाना क्षेत्र के पशियाही का रहने वाला है, जिसकी उम्र 44 वर्ष है और उसके पिता का नाम दयाशंकर साहनी है। बता दे कि रीवा रेलवे स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद आरोपी ने पीड़ित से दोस्ती बढ़ाकर इस वारदात को अंजाम दिया था, जिसमें उसने सोने की अंगूठी, जेब से 10 हजार रुपये नकद और एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। पुलिस अधीक्षक रेल सुंदर सिंह कनेश, अति पुलिस अधीक्षक भावना मरावी और उप पुलिस अधीक्षक विजय गोठरिया के मार्गदर्शन में गठित आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने वीडियो फुटेज तथा गुप्त सुरागों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को मिर्जापुर में उसकी बहन के घर से दबोच लिया।

### दो महीने पुराना है मामला

यह पूरा घटनाक्रम 31 मार्च को रीवांचल एक्सप्रेस ट्रेन में घटित हुआ था। आरोपी शत्रुघ्न साहनी ने ट्रेन के सफर के दौरान सबसे पहले सह-यात्री पीयूष कुमार तिवारी से बातचीत शुरू की और धीरे-धीरे उनका भरोसा जीत लिया। जैसे ही यात्री का विश्वास कायम हुआ, आरोपी ने ठगी का जाल बिछाते हुए मिरांडा की बोतल में लार्पोज 2 एमजी नामक नींद की दो गोलियां चुपके से मिला दीं। इस नशीले पेय को पीते ही पीड़ित यात्री पीयूष कुमार तिवारी पूरी तरह बेसुध और बेहोश हो गए।

ओमती पुलिस ने रिमांड में लेकर की पूछताछ, साक्ष्य किए जब्त, भेजा गया जेल

## भोपाल से जबलपुर लाया गया रज्जाक

**जबलपुर।** भोपाल जेल में बंद बदमाश अब्दुल रज्जाक को प्रोडक्शन वारंट में भोपाल से जबलपुर लाया गया। इसके बाद उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से ओमती थाने में दर्ज एक धोखाधड़ी, धमकी समेत अन्य धाराओं में दर्ज प्रकरण में उसकी गिरफ्तारी दर्ज जांच करने के साथ पूछताछ के लिए रिमांड में लिया गया। देर शाम तक रिमांड पर लिया गया। घंटों लंबी पूछताछ, छानबीन चली। इस दौरान प्रकरण से जुड़े साक्ष्य जब्त किए गए । इसके बाद पुन: उसे कोर्ट में पेश किया गया जहां वापिस उसे भोपाल जेल भेज दिया गया है।

विदित हो कि रज्जाक पहलवान समेत उसके बेटे सरताज समेत गैंग पर ओमती समेत अ न्य थानों मेंधोखाधड़ी, धमकाने, रंगदारी समेत कई धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज है। रज्जाक कई सालों से जेल में बंद है। जबकि उसका बेटा और कई गुर्गे अब भी फरार चल है जि नकी गिरफ्तारी के लिए ईनाम भी घोषित है। रज्जाक भोपाल जेल में बंद है। सोमवार को भोपाल जेल में बंद बदमाश अब्दुल रज्जाक को प्रोडक्शन वारंट में भोपाल पुलिस जबलपुर लेकर आई थी । इसके बाद उसे यहां न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। ओमती पुलिस ने दर्ज धोखाधड़ी, धमकी समेत अन्य धाराओं में उसकी गि रफ्तारी दर्ज की। इसके बाद उसे कोर्ट से दिनभर के लिए रिमांड पर लिया । इस दौरान प्रकरण से जुड़े दस्तावेज जब्त करने के साथ उससे पूदताछ की गई। रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे पुन: भोपाल जेल भेज दिया गया है।

## विश्वासघात : 1 किलो गोल्ड, 5 लाख नकद हड़पे

▶ सराफा कारोबारी पिता-पुत्र ने लगाई चपत

**जबलपुर ।** आभूषण बनाने दिये हुये 1 किलो 90 ग्राम 780 मिलीग्राम सोना एवं बनवाई के लिए दिये 5 लाख रूपये पिता-पुत्र ने हड़प लिए। कोतवाली पुलिस ने विश्वासघात करने वाले पिता-पुत्र के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस के मुताबिक श्यामलाल अग्रवाल 78 वर्ष, निवासी कांति भवन मेनरोड चटटी, विनोबा भावे वार्ड क्रमांक- 5. लखनादौन, जिला सिवनी है एवं नीलम आटोमोबाइल्स के नाम से आटोमोबाइल्स का व्यवसाय करता है। वह पूर्व सैनिक भी है। वर्तमान में उसका पुत्र संतोष अग्रवाल भी उक्त व्यवसाय करता है। जबलपुर सराफा निवासी अजय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल उसके रिश्तेदार हैं, इसलिये उन पर भरोसा करते हुए उन्हें आभूषण, जेवर निर्माण के लिए 1 किलो 90 ग्राम 780 मिलीग्राम वजनी सोना एवं आभूषण जेवरों की बनवाई 5,00,000 रुपये नगद भी दिये थे। जिसने उक्त स्वर्णाभूषण करीब तीन माह में बनाकर देने को कहा था, लेकिन 11 माह 15 दिन व्यतीत हो जाने के पश्चात भी आज दिनांक तक उक्त जेवर, नहीं दिये गये हैं। 11 माह 15 दिनों के अंदर उसने दोनों से कई बार प्रत्यक्ष एवं मोबाइल पर अनेकों बार कॉल कर इस विषय में बात किया लेकिन दोनों के द्वारा हीला-हवाली करते हुए जल्द से जल्द जेवर देने की बाते करते रहे लेकिन जेवर प्रदान नही किये। अजय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल ने आभूषण निर्माण के लिए दिया गया सोना वजनी 1 किलो 90 ग्राम 780 मिलीग्राम, एवं आभूषणों की बनवाई के लिए दी गई नगद धनराशि 5,00,000 रुपये लेकर हडपते हुये धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अजय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है ।

### जस्टिस विनय सराफ इंदौर जाएंगे, प्रणय वर्मा जबलपुर आएंगे

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा के निर्देश पर प्रशासनिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट के दो न्यायाधीशों का स्थानांतरण किया गया है। जस्टिस प्रणय वर्मा का तबादला जबलपुर व जस्टिस विनय सराफ का स्थानांतरण इंदौर किया गया है। यह आदेश आगामी 15 जूनए 2026 से प्रभावी होगा। नई पदस्थापना के बाद दोनों न्यायाधीश 15 जून से अपने-अपने नए स्थानों पर कार्यभार ग्रहण करेंगे।

## भाजपा पार्षद का शराब पीते वीडियो वायरल

पार्षद ने बताया एआई का खेल, थाने में शिकायत



**जबलपुर।** शहर के सुभाष चंद्र वार्ड से भाजपा पार्षद महेश सिंह राजपूत का एक कथित शराब पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद राजनीतिक हड़कंप मच गया है। वहीं पार्षद ने सोमवार को अधारताल थाना प्रभारी को लिखित शिकायत दर्ज कर साइबर जांच और फर्जी वीडियो वायरल करने वाले पर कार्यवाही की मांग की है उनका दावा है कि वीडियो फर्जी है जो एआई के जरिए बनाया गया है।

जानकारी अनुसार सुभाष चंद्र वार्ड के भाजपा पार्षद महेश सिंह राजपूत का एक कथित शराब पार्टी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में वे साथियों संग बीयर की बोतल के पास बैठे दिख रहे हैं। वीडियो में भाजपा पार्षद अपने कुछ करीबियों के साथ बैठे नजर आ रहे हैं बल्कि जहां टेबल पर बीयर की बोतलें रखी हैं और वे शराब पीते भी दिखाई दे रहे हैं।वीडियो सामने आते ही भाजपा पार्षद ने इसे पूरी तरह फर्जी करार दिया है। पार्षद का कहना है कि यह वीडियो एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर बनाया गया हैं यहाँ तक कि वीडियो में दिख रही टी-शर्ट भी उनकी नहीं है। फिलहाल मामले की शिकायत अधारताल थाने कर दी गई है

## रिटायर्ड सीनियर इंस्पेक्टर से 3 .78 लाख की साइबर ठगी, मोबाइल हैक कर जालसाज ने बैंक खाता किया साफ

**जबलपुर।** साइबर अपराधी ने एक रिटायर्ड सरकारी अधिकारी को अपना शिकार बना मोबाइल हैंग होने और सॉफ्टवेयर अपडेट के बहाने बुजुर्ग के बैंक खाते से 3,78,765 पार कर दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पंजाब बैंक कॉलोनी निवासी गोविंद पचौरी वर्ष 2016 में ग्रामोद्योग विभाग से सीनियर इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनका पेंशन बचत खाता स्टेट बैंक ऑफ की मिलौनीगंज शाखा में है। 2 मई को उनका मोबाइल अचानक हैंग होने लगा और स्क्रीन पर मोबाइल अपडेट लिखा आने लगा। उन्होंने रसल चौक की एक दुकान पर इसे दिखाया, जहां दुकानदार ने फोन ठीक कर दिया। 3 मई को वे भोपाल में एक शादी में गए। वहां फिर से फोन हैंग होने लगा और अपडेट का विकल्प आया। इस बार पीड़ित ने खुद ही स्क्रीन पर क्लिक कर फोन अपडेट कर दिया। यहीं पर जालसाजों ने उनके फोन का एक्सेस ले लिया। 9 मई को जबलपुर लौटने के बाद



जब फोन लगातार हैंग हो रहा था, तो उन्होंने शांति नगर निवासी अपने परिचित राहुल कोष्टा को मोबाइल दिखाया। राहुल ने फोन चेक करते ही बताया कि आपके खाते से यूपीआई के जरिए किसी को पैसे भेजे गए हैं। पीड़ित यह सुनकर दंग रह गए क्योंकि वे अपने फोन में फोनपे या कोई अन्य यूपीआई ऐप इस्तेमाल ही नहीं करते थे।

### ऐप डाउनलोड कर 5 किश्तों में उड़ाई रकम

जांच करने पर पता चला कि साइबर ठगों ने पीड़ित के मोबाइल पर फर्जी व्हाट्सएप और नवी ऐप इंस्टॉल कर लिया था। इसके जरिए आरोपियों ने 5 अलग-अलग किश्तों में कुल 3,78,765 निकाल लिए। एसबीआई बैंक की ओर से पैसे कटने का कोई अलर्ट या एसएमएस भी पीड़ित को नहीं मिला, जिससे उन्हें भनक तक नहीं लगी। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब बैंक स्टेटमेंट और साइबर सेल की मदद से उस डिजिटल एड्रेस और बैंक खातों का पता लगा रही है, जिनमें यह रकम ट्रांसफर की गई है।

## ननि इंजीनियर के ससुर के सूने मकान में चोरी, जेवर और नकदी पार

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत सरस्वती कॉलोनी में शातिर चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। यह मकान नगर निगम जबलपुर में पदस्थ एक इंजीनियर के ससुर का है, जो पत्नी की बीमारी के चलते पिछले दो महीने से कचनार सिटी में रह रहे थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक जागेन्द्र सिंह निवासी विजय नगर कचनार सिटी नगर निगम जबलपुर में इंजीनियर हैं। उनके ससुर प्रभात ठाकुर और सास उपासना सिंह सरस्वती कॉलोनी में अकेले रहते हैं। हाल ही में उनकी सास का नी-रिप्लेसमेंट हुआ है, जिसके कारण देखभाल के लिए पूरा परिवार पिछले 2 महीने से इंजीनियर जागेन्द्र सिंह के विजय नगर स्थित घर पर रह रहा था। सरस्वती कॉलोनी वाला घर खाली रहता था, जहां उनके ससुर रोज शाम को केवल पौधों में पानी डालने जाते थे और रात 8 बजे वापस विजयनगर लौट आते थे। मकान के नीचे का हिस्सा उन्होंने एक व्यक्ति को गोदाम के लिए किराए पर दे रखा है। बीती 21 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे गोदाम के किराएदार ने प्रभात ठाकुर को फोन कर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। खबर मिलते ही इंजीनियर जागेन्द्र सिंह अपनी पत्नी और ससुर के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। जब उन्होंने मकान की दूसरी मंजिल पर जाकर देखा, तो कमरे का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने अलमारी का लॉक तोड़कर अंदर रखे एक बैग को पार कर दिया था। जिसमें एक पुस्तैनी करधन, एक जोड़ी पायल, दो जोड़ी बाजूबंद, दो जोड़ी कड़े, एक हसली और चार पुराने समय के लच्छे, नगदी बीस हजार रखी थी। सास की गंभीर स्थिति और खराब स्वास्थ्य के कारण पीड़ित परिवार तुरंत थाने नहीं पहुंच सका था। स्थितियां संभलने के बाद इंजीनियर जागेन्द्र सिंह ने कोतवाली थाने पहुंचकर अब एफआईआर दर्ज कराई।

## आपके दोस्त का एक्सीडेंट हो गया है...कहते हुए उड़ाए दो लाख

**जबलपुर ।** रांझी थाना अंतर्गत नरसिंहनगर में निवासी एक अधेड़ को साइबर ठग ने दो लाख की चपत लगा दी। ठग ने फोन कर दोस्त का एक्सीडेंट होने का झांसा देकर मदद मांगते हुए रकम ऐंठी इसके बाद क्रेडिट कार्ड से भी रकम उड़ाई । पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक देवराज आनंद 53 वर्ष निवासी नरसिंहनगर रांझी का बीती रात करीब 11:26 बजे मोबाईल नम्बर के व्हाटसएप से उसके मोबाईल नंबर के व्हाटसएप पर मैसेज आया कि आपके परिचित संजय साहू का एक्सीडेंट हो गया है जिनको इलाज के लिए में अस्पताल ले जा रहा हूँ एवं उसे संजय साहू की फोटो एंव स्कैनर यूपीआई उसे भेजकर कहा कि कुछ रुपयों की आवश्यकता है क्या आप मुझे रुपये भेज दोंगे । अपने परिचित व्यक्ति के एक्सीडेंट की खबर सुनकर परेशान हो गया एवं मदद करने के उद्देश्य से अपने इंडसइंड बैंक के खाता से चार बार मे कुल 11,000 रुपये उसके द्वारा भेजे गये स्कैनर पर भेज दिये। जिसके बाद जब अपने परिचित संजय साहू के बारे में पता किया तो पता चला कि उनका कोई एक्सीडेंट नहीं हुआ है जिसके बाद उसे जानकारी प्राप्त हुई कि उसके साथ किसी अनजान व्यक्ति ने आनलाईन धोखाधडी की है। बाद में उसे पता चला कि उसके इंडसइंड बैंक के क्रेडिट कार्ड से 7 बार में कुल 1,01,586 रुपये कट गये इस प्रकार उसके साथ किसी अनजान व्यक्ति द्वारा कुल मिलाकर 1,99,586 रुपये की आनलाईन धोखाधड़ी की गई है।

विकास | 25 करोड़ की सौगात देकर बोले, तेजी से बदल रहा स्वरूप

# जबलपुर को पहले बड़ा गांव कहते थे आज महानगर की श्रेणी में खड़ा : मंत्री सिंह




**जबलपुर ।** जबलपुर, जो कभी बड़े गांव के रूप में जाना जाता था, आज महानगर की श्रेणी में खड़ा है। पहले की राजनीति केवल वोट बैंक और जातियों तक सीमित थी, लेकिन आज विकास ही एकमात्र पैमाना है। विकास की कोई सीमा नहीं है और यह क्रम भविष्य में भी इसी गति से जारी रहेगा। यह बातें लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लगभग 25 करोड़ रूपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करते हुए कहीं। उन्होंने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास आधारित राजनीति का उल्लेख किया । साथ ही रिंग रोड, ब्रॉड गेज परियोजना, नर्मदा घाटों के कायाकल्प और जबलपुर को देश के प्रमुख शहरों के समकक्ष खड़ा करने के अपने विजन को साझा किया। मंत्री श्री सिंह ने शहीद गुलाब सिंह वार्ड के सैनिक सोसायटी क्षेत्र में भी विकास कार्यों का शिलान्यास किया। यहाँ उन्होंने बैलेंसिंग रॉक से सैनिक कॉलोनी गेट तक की सीसी सड़क और सैनिक सोसायटी की सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जगतगुरु नरसिंह देवाचार्य जी महाराज, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, पंकज दुबे, पार्षद श्रीमती निशा संजय राठौर, राजकुमार मेहता, अभय सिंह, गुलशन माखीजा, गुरुद्वारा हाथीताल के प्रधान हरदेव सिंह, पार्षद हेमलता दिनेश सिंगरौल, पार्षद लक्ष्मी जय चक्रवर्ती, गोरखपुर गुरुद्वारा प्रधान रजिंदर सिंह छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

### विकास कार्यों में समझौता नहीं किया जाएगा

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सैनिक सोसायटी में विकास को लेकर किसी भी प्रकार के भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए। वे पक्षपात रहित राजनीति में विश्वास रखते हैं और विकास के कार्यों में किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया कि यदि कुछ और कार्य शेष रह गए हैं, तो उनकी सूची दें, उन्हें अगले 6 महीनों के भीतर स्वीकृत कराकर कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने पिछले वर्ष की तुलना में इस बार जल प्लावन की समस्या में आई कमी का भी उल्लेख किया और भविष्य में जल निकासी के लिए किए जा रहे स्थाई समाधानों के बारे में बताया। मंत्री श्री सिंह ने गोरखपुर स्थित आजाद चौक पहुंचकर नवनिर्मित गेट एवं तोरण द्वार का लोकार्पण किया। यहीं उन्होंने कटंगा तिराहा से छोटी लाइन फाटक तक व्हाइट टॉपिंग सड़क, केबल डस्ट और नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।